
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

31 मार्च 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

महान सपने देखने वालों के महान सपने हमेशा पूरे होते हैं।

एपीजे अब्दुल कलाम



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The Change Makers
Email us : teachersofbihar@gmail.com

# दिवस ज्ञान

31 मार्च

Gyan Drishti
Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2082, चैत्र माह, शुक्ल पक्ष, द्वितीया तिथि, सोमवार 31 मार्च 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

''यदि आप सफल होना चाहते हैं, तो आपको अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्पित रहना होगा।''

**"If you want to be successful, you have to stay determined towards your goal."**

DIWAS GYAN

## आज के दिन

1504 – सिक्खों के दूसरे गुरु गुरु अंगद देव का जन्म।

1865 – भारत की प्रथम महिला डॉक्टर आनंदी गोपाल जोशी का जन्म।

1930 – प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं लेखक श्यामजी कृ ष्ण वर्मा का निधन।

1945 – प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, पहली महिला लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार का जन्म।

1. **प्रार्थना समाज की स्थापना** – 31 मार्च, 1867 ई. को बम्बई में प्रार्थना समाज की स्थापना केशवचन्द्र सेन के सहयोग से एम0जी0 रानाडे, आत्माराम पांडुकर, देवेन्द्रनाथ ठाकुर आदि ने किया। उपासना (प्रार्थना) और सामाजिक सुधार इस समाज के दो प्रमुख अंग थे। इस समाज ने स्त्रियों की परतंत्र स्थिति, बाल–विवाह, विधवा–पुनर्विवाह का निषेध, जातिगत संकीर्णता के आधार पर सजातीय विवाह, स्त्रियों की अशिक्षा और उपेक्षा, अन्तर्जातियों के बीच खान–पान पर प्रतिबन्ध तथा छुआछूत का विरोध किया। रानाडे तथा कर्वे ने विधवा पुनर्विवाह आंदोलन को संचालन किया और विधवाओं को शिक्षा देने के लिए विधवा आश्रम संघ की स्थापना की।
   - संदर्भ: अतीत से वर्तमान भाग 3, अध्याय 9, पृष्ठ 133 के संदर्भ में चर्चा करें।
2. **गुरू अंगद देव का जन्म**– 31 मार्च, 1504 ई. को सिक्खों के दूसरे गुरु अंगद देव का जन्म हुआ। इन्होंने गुरुमुखी लिपि का अविष्कार किया। गुरू अंगद ने गुरुनानक द्वारा आंरभ की गयी लंगर–व्यवस्था को स्थायी बनाया।
3. **आम्बेडकर को भारत रत्न**– 31 मार्च, 1990 ई. को संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव आंबेडकर को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से मरणोपरांत सम्मानित किया गया।
4. **न्यूटन का निधन**– गति के नियमों का प्रतिपादन करने वाले तथा 'भौतिकी के पिता' माने वाले आइजक न्यूटन का 31 मार्च, 1727 ई. को निधन हो गया। उन्होंने अपनी पुस्तक 'प्रिसिपिया' में सबसे पहले 'गति के नियम' का प्रतिपादन किया था।
5. **नेहरू का बिहार आगमन**– 31 मार्च, 1930 ई. को पंडित जवाहरलाल नेहरू बिहार के छपरा में आये। छपरा रेलवे स्टे"ान पर डॉ0 महमूद एवं करीब 400 कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उन्होंने लोगों से अंग्रेजी शासन द्वारा प्रतिबंधित नमक कानून तोड़ने का आग्रह किया।
   - संदर्भ: अतीत से वर्तमान भाग 3, अध्याय 1, पृष्ठ 11 के संदर्भ में चर्चा करें।
6. **वित्तीय लेखा वर्ष पूर्ण**– भारत में बैंको का वार्षिक वित्तीय लेखा–जोखा 31 मार्च को पूर्ण किया जाता है। अतः 31 मार्च को ग्राहकों के लिए बैंक बंद होते हैं। इस दिन वर्ष भर के लेन–देन का ब्यौरा तैयार किया जाता है।

**या देवी सर्वभूतेषु मातृ-रूपेण संस्थिता।**

**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥**

जो देवी सभी प्राणियों में **माता** के रूप में स्थित हैं, उनको नमस्कार, नमस्कार, बारंबार नमस्कार है।

website: https://www.teachersofbihar.org/publication/diwasgyan https://www.teachersofbihar.org/publication/gyandrishti

# Teachers of Bihar

The change makers

## दिवस विशेष

31 मार्च

मधु प्रिया

# भीम राव आंबेडकर को भारत रत्न




वर्ष के 365 दिन इतिहास में तरह तरह की घटनाओं के साथ दर्ज हैं। इनमें कुछ अच्छी हैं तो कुछ बुरी। 31 मार्च का दिन भी ऐसी ही बहुत सी घटनाओं का साक्षी रहा है। ऐसी ही एक घटना की बात करें तो देश के संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर को 31 मार्च 1990 को मरणोपरांत सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करके देश और समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान को नमन किया गया।'बाबासाहब' भीमराव आंबेडकर ने भारत की आज़ादी की लड़ाई में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया था और जीवनभर सामाजिक भेदभाव के खिलाफ लड़ते रहे। आजादी के बाद उनकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई जब उन्हें राष्ट्र के संविधान निर्माण का दायित्व सौंपा गया। आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को ब्रिटिश भारत के मध्य भारत प्रांत (अब मध्य प्रदेश) में स्थित महू नगर सैन्य छावनी में हुआ था।

# जन्मदिन विशेष 31 मार्च




**मीरा कुमार** *Meira Kumar*, जन्म: 31 मार्च, 1945) ने भारतीय संसद में लोकसभा की पहली महिला अध्यक्ष (स्पीकर) बन कर एक नई इबारत लिखी। उन्हें सर्वसम्मति से 15वीं लोकसभा का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। वह इस पद पर निर्वाचित होने वाली पहली दलित महिला भी हैं। इसके अलावा श्रीमती मीरा कुमार आठवीं, ग्याहरवीं, बारहवीं और पन्द्रहवीं लोकसभा की सदस्य रहीं हैं। वे पूर्व उप प्रधानमंत्री श्री जगजीवन राम की सुपुत्री हैं।

 राकेश कुमार

# विभिन्न तत्वों से परिचय

रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

## तत्व (Element)

टंगस्टन (Tungsten)

संकेत - (Symbol) **W**

परमाणु संख्या (Atomic no.) -74

समूह(group)-6

परमाणु भार (A.weight) -183.85


आवर्त(period) -6

ब्लाक( block )-d

संयोजकता( valancy) -6

समस्थानिक(Isotopes) -5

विन्यास -$[Xe]4f^{14}5d^{4}6s^{2}$




### खोज

1783,जुआन जोन्स और फॉस्टो एलहुयार

### भौतिक गुण

कठोर, लचीला, चांदी सफेद, विधुत सुचालक धातु

### रासायनिक गुण

उत्कृष्ट संक्षारण प्रतिरोधी

### उपयोग

बल्ब का फिलामेंट, वेल्डिंग इलेक्ट्रोड, हीटिंग एलिमेंट

Anu priya

# वैज्ञानिक कारण

iSCIENCE

**शरीर के जिस स्थान पर स्प्रिट लगाया जाता है, वहां पर ठंढक मालूम पड़ता है, क्यों?**

क्योंकि स्प्रिट शरीर के जिस स्थान पर लगता है, वहां का ताप स्प्रिट के वाष्पीकरण में गुप्त रूप से खर्च होता है, इस कारण उस भाग पर ठंढक महसूस होता है।



*Madhu priya*

# TOB खेल कॉर्नर

## IPL से जुड़े रोचक तथ्य

1. सौरव गांगुली ने खेली आईपीएल की पहली गेंद -



2. प्रवीण कुमार ने फेंकी आईपीएल की पहली गेंद -



3. जहीर खान ने सौरव गांगुली का आईपीएल में पहला विकेट लिया -



५. ब्रेंडन मैकुलम ने आईपीएल में पहला शतक लगाया -




5. ब्रैड हॉग आईपीएल में खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं -



6. एबी के नाम सबसे ज्यादा मैन ऑफ द मैच



# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 31.03.2025

## रचनात्मक अधिगम

रचनात्मक अधिगम या रचनात्मक शिक्षा, वह शिक्षा है जिसमें छात्र कल्पना और आलोचनात्मक सोच का इस्तेमाल करके नए और सार्थक विचार बनाते हैं. इसमें छात्रों को जोखिम लेने, आज़ादी से काम करने, और लचीलापन दिखाने की प्रेरणा मिलती है. रचनात्मक शिक्षा में, छात्रों को किसी समस्या के कई समाधान खोजने की क्षमता विकसित करने की प्रोत्साहन मिलती है ।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




**भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट पंबन रेलवे ब्रिज बनकर तैयार हो गया है। तमिलनाडु में प्रधानमंत्री मोदी रामनवमी के मौके पर इस पूल का उद्घाटन करेंगे।**



राकेश कुमार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
पश्चिमी चिकित्सा की पहली
भारतीय महिला चिकित्सक
आनंदी गोपाल जोशी
जी की जयंती पर सादर नमन।
आनंदी गोपाल जोशी
जन्म-31 मार्च 1865 - मृत्यु-26 फरवरी 1887
Madhu priya
www. teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
The Change Makers
31 मार्च
सिखों के द्वितीय गुरु
गुरु अंगद देव जी
की जयंती पर नमन।
Madhu priya
/teachersofbihar



# Eid Mubarak

टीचर्स ऑफ बिहार

ईद-उल-फितर इस्लामिक धर्म का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। इसे मीठी ईद के रूप में भी जाना जाता है। वहीं, यह दिन रमजान के पवित्र महीने के अंत का भी प्रतीक है। यह इस्लामिक कैलेंडर की पहली तारीख को पड़ता है। इस पवित्र दिन लोग अपना रोजा समाप्त करके ईद मनाते हैं और अल्लाह का शुक्रिया अदा करते हैं, नए कपड़े पहनते हैं, भव्य दावतें तैयार करते हैं। साथ ही अपने प्रियजनों से मिलने के लिए जाते हैं। कहा जाता है कि इस शुभ अवसर पर दान करने का भी अपना एक खास महत्व है।

राकेश कुमार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Eid al-fitr
MUBARAK
May this Eid give you all the reasons to make
your life even more beautiful.
RAVI
www.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# Eid Mubarak

May forgivense be granted to you and your loved ones. Wishing you joy and prosperity on this day of celebration.



Madhu priya

31 March



# EID MUBARAK

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari